PVG's

Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

Summative Written Test - I (2024 - 2025)
Standard - VIII

Subject - Hindi (Composite) | **Marks - 25**
Date - 14.10.2024 | **Time - 8.00 am to 10.00 am**

सूचनाएँ –

१) सूचना के अनुसार गद्‌य, पद्‌य तथा व्याकरण की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें। शुद्‌ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

विभाग १ – गद्‌य

प्रश्न १) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

बचपन से ही रेलवे स्टेशन पर जाना मुझे अच्छा लगता है। बात सन १९३५ की है। मैं शाम के समय टहलनें के लिए प्रयाग स्टेशन पर चला गया। तभी मैंने देखा कि तीसरे दर्जे के डिब्बे से एक सज्जन उतर रहे हैं और अपना बिस्तर स्वयं अपनी बगल में दबाए प्लेटफार्म पर आगे बढ़ रहे हैं। पास आने पर देखा कि वृद्‌ध सज्जन और कोई नहीं, हिंदी के प्रसिद्‌ध कहानी और उपन्यास लेखक प्रेमचंद जी हैं। मैं आगे बढ़कर बोल उठा ; 'बाबू जी ! आप?' उन्होंने जोर से ठहाका लगाया और कहा, 'हाँ, मैं।' उनके अट्‌टहास से सारा स्टेशन गूँज उठा। मैंने पूछा - 'कहाँ जाइएगा?' उत्तर दिया - 'जहाँ तुम कहो।' मैंने कहा - 'मेरे घर चलिए।' उन्होंने उत्तर दिया - 'चलो' और बिना किसी तकल्लुफ के वे मेरे साथ पैदल मेरे घर चले आए। इतने बड़े साहित्यकार, वे इतने सरल और सौम्य हैं कि अपने जीवन की सुविधा के लिए कोई भी उपकरण जुटाना नहीं चाहते। उनका अट्‌टहास इतना आकाशव्यापी है कि वातावरण का सारा विषाद उसमें धुल जाता है।

१) संजाल पूर्ण कीजिए (१)



२) निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए। (१)

१) कहानी - ______ २) डिब्बे - ______

३) परिच्छेद में आए हुए प्रत्यययुक्त शब्द ढूँढकर लिखिए। (कोई दो) (१)

I) ______

ii) ______

४) परिच्छेद के आधार पर प्रेमचंद जी के बारे में जानकारी लिखिए। (२)

विभाग २ – पद्य

प्रश्न २ निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

बाधाएँ आती हैं आएँ,
घिरें प्रलय की घोर घटाएँ,
पाँवों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ,
निज हाथों से, हँसते - हँसते,
आग लगाकर जलना होगा ।
कदम मिलाकर चलना होगा ।

हास्य - रुदन में, तूफानों में,
अमर असंख्यक बलिदानों में,
उद्यानों में, वीरानों में,
अपमानों में, सम्मानों में,
उन्नत मस्तक, उभरा सीना,
पीड़ाओं में पलना होगा !
कदम मिलाकर चलना होगा ।

उजियारे में, अंधकार में,
कल कछार में, बीच धार में,
घोर घृणा में, पूत प्यार में,
क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में,
जीवन के शत - शत आकर्षक,
अरमानों को दलना होगा ।
कदम मिलाकर चलना होगा ।

१) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । **(१)**

१) उद्यान = ☐

२) अरमान = ☐

२) निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए । **(१)**

१) अपमान X ☐

२) घृणा X ☐

३) **निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए ।** (१)

१) ज्वाला - [ ]

२) मस्तक – [ ]

४) बाधाएँ आती हैं आएँ ....
....
आग लगाकर जलना होगा ।
कदम मिलाकर चलना होगा ।

इन पंक्तियों का सरल अर्थ अपने शब्दों में ६ –८ पंक्तियों में लिखिए । (२)

विभाग ३ व्याकरण

प्रश्न ३ **सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

अ) **निम्नलिखित शब्दों में मानक वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए ।** (१)

१) समुख / सम्मुख / सम्मूख = [ ]

२) आशिर्वाद / आशीर्वाद / आर्शिवाद = [ ]

आ) **निम्नलिखित अव्यय शब्द से सुंदर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ।** (१)

१) वाह ! =

इ) **निम्नलिखित विरामचिह्नों के नाम लिखिए ।** (१)

	चिह्न	नाम
१)	!	
२)	‘ ’	

ई) **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** (२)

१) फूट - फूटकर रोना -

२) हाथ - पैर ठंडे पड़ना -

विभाग ४ – रचना विभाग (उपयोजित लेखन)

प्रश्न ४ अ) पत्रलेखन : (५)

१) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्रलेखन कीजिए ।
अरूण / अरूणा गायकवाड, ६ शहीद चौक, यवतमाल – ४४५००३ से अपने बड़े भाई के विवाह के लिए पाँच दिन की छुट्टी के लिए प्राचार्य, जोतीराव विद्या मंदिर, यवतमाल – ४४५००२ के नाम प्रार्थना पत्र लिखता / लिखती है ।

आ) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर विज्ञापन तैयार कीजिए । (५)



<u>अथवा</u>

आ) निम्नलिखित किसी एक विषय पर ७० से ८० शब्दों में निबंध लिखिए ।

१) मेरा प्रिय त्योहार

२) मेरा प्रिय खिलाड़ी

❖❖❖